नगर निगम, शाहजहाँपुर।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 11.06.2021

# आजादी का अमृत महोत्सव

# स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगॉठ उत्सव

- उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) एवं नगर निगम, शाहजहाँपुर के तत्वाधान में आज दिनांक 11.06.2021 को शहीद उघान पार्क में शहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के जन्म दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा0 प्रहलाद सिंह पटेल, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार एवं मा0 डॉ0 नीलकंठ तिवारी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति पर्यटन प्रोटोकॉल एवं धमार्थ कार्य विभाग उ0प्र0 द्वारा की गई अध्यक्षता।
- शहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के जन्म दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा शहीदों की प्रतिमाओं पर किया गया माल्यार्पण।
- कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा द्वारा आज दिनांक 11.06.2021 को नगर में बने कन्टेनमेंट जोन एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में वृहद स्तर पर कराया गया सेनेटाइजेशन का कार्य।
- नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देश के क्रम में कोविड–19 एवं बरसात से पूर्व नगर क्षेत्र में युद्ध स्तर पर चल रहा है नालों एवं डीप ड्रेन की सफाई का कार्य।

1. उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, प्रयागराज (संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार) एवं नगर निगम, शाहजहाँपुर के तत्वाधान में आज दिनांक 11.06.2021 को शहीद उघान पार्क में शहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के जन्म दिवस के अवसर पर पुष्पांजलि समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा0 प्रहलाद सिंह पटेल, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सरकार को सर्वप्रथम जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया एवं कार्यकम्र की अध्यक्षता कर रहे मा0 डॉ0 नीलकंठ तिवारी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति पर्यटन प्रोटोकॉल एवं धमार्थ कार्य विभाग उ0प्र0 को नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा जी द्वारा पुष्प देकर स्वागत किया गया। इसके उपरान्त मा0 मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं मा0 मंत्री डॉ0 नीलकंठ तिवारी जी द्वारा शहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के जन्म दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा एवं शहीद ठाकुर रोशन सिंह, शहीद अशफाक उलला खॉ की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। आयोजित कार्यक्रम में शहीदों की स्मृति में एवं आजादी व उनके अभूतपूर्व अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। जिसमें सर्वप्रथम शहीदों की स्मृति में सितार वादन भक्ति संगीत श्री नवीन मिश्रा एवं उनके सहयोगियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर श्री किशोर चतुर्वेदी एवं उनके सहयोगियों द्वारा देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया। मा0 मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा शहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के जन्म दिवस के अवसर पर शहीदो के बलिदान को याद करते हुये उनको नमन किया गया व पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के अविस्मरणीय योगदान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया। मा0 मंत्री डॉ0 नीलकंठ तिवारी जी द्वारा देश की आजादी के लिये शहीद हुये पं0 राम प्रसाद बिस्मिल, शहीद ठाकुर रोशन सिंह, शहीद अशफाक उल्ला खॉ एवं अन्य हुये शहीदों को याद किया किया व उनके द्वारा किये गये कार्यो से प्रेरणा लेने की अपील की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सासंद महोदय अरुण कुमार सागर द्वारा शहीदों को याद किया गया। आयोजित कार्यक्रम में हिमांशु बाजपेई द्वारा शहीद  कार्यकमब में पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के सम्पूर्ण जीवन पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डालते हुये किस्सागोई की गई। इस अवसर पर स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल, सांसद महोदय अरुण कुमार सागर, जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह, सहायक नगर आयुक्त अगंद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0. ओ0पी0 गौतम एवं अधिकारी कर्मचारीगण व निर्वतमान जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, जिलाध्यक्ष हरिप्रकाश वर्मा, महानगर अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता एवं स्वच्छता प्रभारी अल्पना श्रीवास्तव एवं अन्य सम्भ्रान्त नागरिकगण उपस्थित रहें। आयोजन का संचालन कवि डॉ0 इन्दु अजनवी द्वारा किया गया। इसके पश्चात मा0 मंत्री जी द्वारा शहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के पूराने आवास पर जाकर जायजा लिया गया। इसी क्रम में मा0 मंत्री जी द्वारा शहीद अशफाक उल्ला खॉ की मजार पर जाकर चादरपोशी कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

2. शहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के जन्म दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर में स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक एस0 आनन्द, अपर नगर आयुक्त एस0के0 सिंह द्वारा शहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल के जन्म दिवस के अवसर पर नगर निगम प्रागंण में स्थापित शहीद पं0 राम प्रसाद बिस्मिल एवं शहीद ठाकुर रोशन सिंह, शहीद अशफाक उल्ला खॉ की प्रतिमा शहीद पार्क में लगी प्रतिमाओं व नगर अन्य क्षेत्रों स्थापित शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी/प्रशासक महोदय इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा विचार व्क्त किये गये। जिसमें नगर आयुक्त महोदय द्वारा अमर सेनानियों के बलिदान को याद किया गया एवं उनके द्वारा किये गये कार्यो से प्रेरणा लेने की अपील की गई।

3. कोविड–19 महामारी के संक्रमण को रोकने के लिये नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा के निर्देश के क्रम में कोविड–19 के बढ़ते संक्रमण को कम किये जाने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा नगर में नियमित रुप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत नगर निगम के 60 वार्डो के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र एवं मलिन बस्तियों में विशेष सफाई एवं सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित गया है। जिसके अन्तर्गत आज दिनांक 11.06.2021 को जोन–1 में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार द्वारा कचहरी, कलेक्ट्रेट, विकास भवन, ऑफीसर्स कॉलोनी, एमनजई जलालनगर, महमदं जलालनगर, खिरनीबाग, सदर बाजार, दिलाजाक में वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–2 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित द्वारा खिरनीबाग, कटिया टोला एवं बारादरी में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–3 के अर्न्तगत– सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल द्वारा खलीलशर्की, चौभुर्जी, पूराना जिला अस्पताल, महमंद जगंला, अलीजई में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–04 के अन्तर्गत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर द्वारा गर्राघाट स्थित स्वर्गधाम, अजीजगंज रैन बसेरा, जिला अस्पताल, अजीजगंज, अब्दुल्लागंज, मेहमान शाह, चारखम्भा एवं अन्य क्षेत्रो में सेनेटाइजेशन का कार्य कराया गया। जोन–5 के अर्न्तगत सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार शाक्य द्वारा हाण्डा कॉलोनी, अहमदपुर निवाजपुर, तारीन गाड़ीपुरा, ख्वाजा फिरोज में सेनेटाइजेशन का अभियान संचालित किया गया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर नगर में बने धार्मिक स्थलो, मुख्य बाजारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों एवं सार्वजनिक स्थलों आदि पर सेनेटाइजेंशन का कार्य किया गया। इस अभियान के दौरान लगभग 6926 स्थलों एवं 550 व्यवसायिक प्रतिष्ठानो, 05 मुख्य बाजारो जैसे– बहादुरगंज, सदर बाजार, जलालनगर बजरिया, गोविन्दगजं एवं रौजा अडडा आदि के साथ ही पेट्रोल पम्प, हास्पिटल, स्कूल, कालेज, रेलवे स्टेशन, रोडवेज, रैन बसेरा (हनमुतधाम, अजीजगंज, टाउन हाल) एवं आबादी वाले क्षेत्रों में सघन सेनेटाइजेशन कार्य कराया गया।

4. नगर आयुक्त महोदय संतोष कुमार शर्मा जी के निर्देशानुसार कोविड–19 के दृष्टिगत एवं बरसात से पूर्व नगर के विभिन्न क्षेत्रों में नालो की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर प्रतिदिन कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय के निर्देश पर आज दिनांक 11.06.2021 को सफाई जोन–1 में इन्दिरानगर कॉलोनी, सुभाषनगर कॉलोनी में राकेश मिश्र के घर से मुख्य नाले तक बने नाले एवं तारीन जलालनगर में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री पवन कुमार, सफाई जोन–02 में वसीम नर्सिंग होम के पीछे एवं मक्कू बजरिया में बने नाले से निकले मलवे को उठवाये जाने का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री हरवंश कुमार दीक्षित एवं सफाई नायक श्री राजकुमार तथा सफाई जोन–3 चित्रा टॉकीज वाली गली में बने डीप ड्रेन नाले से निकले मलवे को उठवाये जाने का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री राजमंगल की देख रेख में कराया गया। सफाई जोन–4 में वाकरजई में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर सिंह सागर एवं सफाई नायक श्री रामबाबू की देख रेख में तथा सफाई जोन–5 के रोशनगंज में बने नाले की सफाई का कार्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री सुनील कुमार शाक्य की देख रेख में कराया गया।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर।